Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 16-08-2005

Participants : Rawat Shri Bachi Singh

>

Title : Need to rescind the order withdrawing relaxation of height being given to the candidates from Uttaranchal for recruitment in Army.

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) : महोदय, उत्तरांचल क्षेत्र के सैनिकों का देश की रक्षा में बहादुरी का इतिहास रहा है। सैनिक से सर्वाच्य कमांडर के पद के निवर्हन से लेकर परमवीर चक्र, महावीर चक्र व अनगिनत पदन उत्तरांचल के सैनिकों ने प्राप्त किये हैं।

उत्तरांचल के पर्वतीय भाग में उद्योग धंधे व लाभकारी खेती नहीं है। इसकी सीमा तिब्बत, चीन व नेपाल से मिली होने से पूरा क्षेत्र अति संवेदनशील है। भारतीय सेना में भर्ती होना रोजगार का भी प्रमुख सान है, अन्यथा यहां पर भीाण बेरोजगारी व्याप्त है।

आजादी के पहले से ही यहां के युवकों को इनकी कम लम्बाई व छोटे डील-डौल के कारण सेना में भर्ती के लिये लम्बाई, सीना, वजन आदि में विशो छूट प्राप्त थी। परन्तु, हाल में रक्षा मंत्रालय द्वारा उत्तरांचल के पहाड़ी नौजवानों को लम्बाई में जो तीन सेंटीमीटर की विशो छूट प्राप्त थी, उसे समाप्त कर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय द्वारा इस छूट को समाप्त करने से भारतीय सेना में भर्ती योग्य हजारों नवयुवकों को भर्ती से वंचित होना पड़ रहा है, जिस कारण उनमें बहुत हताशा व्याप्त है। यह हताशा इस शांतिप्रिय क्षेत्र को अशांति की ओर भी धकेल सकती है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उत्तरांचल के पहाड़ी नवयुवकों को सेना में भर्ती के लिये लम्बाई में पहले से प्राप्त तीन (3) सेंटीमीटर छूट को पुनः बहाल किया जाये।